प्रेस नोट थाना कलान
जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक- 16.05.2026

"थाना कलान पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के मुकदमे मे वांछित अभियुक्तगण को किया गिरफ्तार"

पुलिस अधीक्षक, जनपद शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम, वाछित व वारण्टी अभि0गणो की गिरफ्तारी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुक्रम में एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शाहजहाँपुर के निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना कलान पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 13.05.2026 को थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर पर वादी श्री मुकेश पुत्र कल्यान कश्यप निवासी ग्राम वर्खेमई, थाना परौर, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा एक लिखित तहरीर दी गयी, जिसमें बताया गया कि उनकी पुत्री नीलम उम्र करीब 20 वर्ष को अभियुक्तगण 1. (दामाद) सोमवीर पुत्र धर्मपाल, 2. धर्मपाल (ससुर), 3. नाम पता अज्ञात (सास) पत्नी धर्मपाल, 4. ओमवीर पुत्र धर्मपाल (देवर), 5. अनमोल पुत्र धर्मपाल (देवर), 6. श्यामप्यारी पुत्री धर्मपाल (नन्द) निवासीगण ग्राम भर्रामई, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा दहेज की मांग को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था तथा मांग पूरी न होने पर मारपीट करते हुए दहेज में मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी, जिससे क्षुब्ध होकर वादी की पुत्री नीलम द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कलान पर **मु0अ0सं0 142/2026 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट** पंजीकृत कर विवेचना श्रीमान क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के सुपुर्द की गयी तथा अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर लगातार प्रयास किया जा रहा था। गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्तगण 1. धर्मपाल पुत्र स्व0 गोविन्द 2. सोमवीर उर्फ श्यामवीर पुत्र धर्मपाल निवासीगण ग्राम भर्रामई, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर को आधीदेई तिराहे से विक्रमपुर जाने वाली सड़क से दिनांक 16.05.2026 को समय करीब 11:17 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण धर्मपाल व सोमवीर उर्फ श्यामवीर उपरोक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तारी शुदा अभियुक्त -

1. धर्मपाल पुत्र स्व0 गोविन्द निवासी ग्राम भर्रामई थाना कलान जनपद शाहजहांपुर।
2. सोमवीर उर्फ श्यामवीर पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम भर्रामई थाना कलान जनपद शाहजहांपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 142/26 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस अधि0/कर्मचारीगण -

उ0नि0 श्री मनोज कुमार उपाध्याय, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर।

उ0नि0 श्री विजेन्द्र सिंह, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर।

का0 2306 गौरव तोमर, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर।

रि0का0 प्रमोद कुमार, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर।